# चुनरी का रंग लाल | By Sakshi Sahani |

मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल
ओ मैया मेरी लगती बहुत प्यारी
मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल

चुनरी की शोभा न्यारी
लगे गोटा और किनारी
तेरी चुनरी छम छम छमके
जस सूरज चंदा दमके
मैया जी थारी बिंदिया का रंग लाल
मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल

थारे माथे मुकुट बिराजे
कानों में कुंडल साजे
थारे गले बैजयंती माला
कंगने का रूप निराला
मैया जी थारी मेहंदी का रंग लाल
मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल

थारे कमर पे तगड़ी साजे
थारे गुच्छा गैल्या बाजे
पैरां में पायल साजे
और घुंघरू छन छन बाजे
मैया जी थारी महावर का रंग लाल
मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल

श्रृंगार में मैया म्हारी
आज लागे बड़ी प्यारी
साक्षी हूँ मैया तेरी
भक्तां ने भजन सुना री
मैया ने सारे करती भगत निहाल
मैया जी थारी चुनरी का रंग लाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-sakshi-sahani/